# 8-A

## SUMMATIVE ASSESSMENT - I (2017 - 18)
## Second Language - HINDI
## Part - A & B

**Class : VII** **(Max. Marks : 80)** **Time : 2.45 Mts.**

*सूचना :-* 1) प्रश्न - पत्र पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय निर्धारित है।
2) प्रश्न पत्र लिखने के लिए 2.30 घंटे का समय निर्धारित है ।
3) भाग 'A' के प्रश्नों के उत्तर, उत्तर पुस्तिका में लिखिए ।

**Marks : 60** **PART - A**

**I. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए ।**
**प्रत्येक भाग (1, 2, 3, 4) के लिए पाँच - पाँच अंक निर्धारित हैं ।**

**1. निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य या शब्द में लिखिए।**

एक खरगोश था। वह पेड़ के नीचे सो रहा था। अचानक जोर की आवाज आयी - ''धम्म''। खरगोश चौंक उठा और इधर-उधर देखा। उसे कुछ दिखाई नहीं दिया। उसे लगा कि आसमान गिर रहा है। वह डर गया और भागने लगा।

प्रश्न :- **5 x 1 = 5**

1. खरगोश कहाँ सो रहा था?
2. खरगोश की नींद क्यों टूटी?
3. कौन डर गया था?
4. उसने डर के कारण क्या किया?
5. ''आवाज'' शब्द का अर्थ क्या है?

**2. निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए ।**

भारत के प्राचीन राज्यों में तमिलनाडू एक है। संस्कृति और सभ्यता के कारण इसका विशेष स्थान है। यहाँ पल्लव, चोल राज्यों का शासन था। यहाँ के मंदिरों में वास्तुकला के विभिन्न नमूने हैं। इसकी राजधानी चेन्नई है।इस राज्य के पहाडी प्रांतों में कोडैकेनाल और ऊटी प्रसिद्ध हैं।

प्रश्न : **5 x 1 = 5**

1. तमिलनाडू की राजधानी क्या है?

A) कोडैकेनाल B) ऊटी C) पहाडी प्रांत D) चेन्नई

2. तमिलनाडू के शासक कौन थे?

A) तमिल भाषी B) पहाडी लोग C) पल्लव और चोल D) वास्तुशिल्पि

3. मंदिरों में क्या हैं?

A) विशेष स्थान B) पहाड C) वास्तु कला के नमूने D) सभ्यता

4. यहाँ किस राज्य का वर्णन दिया गया है?

A) ऊटी का B) तमिलनाडू का C) मंदिर का D) चेन्नई का

5. ऊटी, कोडैकेनाल किस राज्य में स्थित हैं? [ ]

A) आंध्रप्रदेश में B) तमिलनाडू में C) केरला में D) कर्णटक में

**3. निम्न लिखित कविता पढ़कर प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनकर लिखिए ।**

ऊँचे शिखरोंवाला देश,
चंचल नदियों वाला देश।
सोने, चाँदी, हीरे जैसी,
फसलों वाला प्यारा देश।
इसके कण-कण में संदेश,
ऐसा पावन है यह देश।

**प्रश्न :-** **5 x 1 = 5**

1) यहाँ किस देश के बारे में वर्णन दिया है?

2) यहाँ की फसलें कैसी हैं?

3) इस देश के कण कण की विशेषता क्या है?

4) यहाँ कैसी नदियाँ बहती हैं?

5) यहाँ किन पर्वतों के शिखरों के बारे में बताया गया है?

**4. निम्न लिखित कवितांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर विकल्पों से चुनकर लिखिए।**

भेदभाव अपने दिल से साफ़ कर सकें।
दूसरों से भूल हो तो माफ़ कर सकें।
झूठ से बचे रहें सच का दम भरें।
दूसरों की जय से पहले खुद की जय करें।

**प्रश्न :-** **5 x 1 = 5**

1. अपने दिल से किसे दूर करना है?

A) भूल B) भेदभाव C) सच D) झूठ

2. हमें किसे क्षमा करना चाहिए?

A) भेदभाव B) दूसरों की भूल C) सच्चाई के दम D) खुद की जय

3. हमें किससे बचे रहना होगा?

   A) विजयों से  B) भूतों से  C) झूठ से  D) दिल से

4. हमें पहले किसकी जय करना है?

   A) दूसरों की  B) खुद की  C) सच की  D) भूल की

5. 'झूठ' शब्द का विलोम शब्द पहचानिए।

   A) झूला  B) अझूठ  C) सच  D) माफ

**II. निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर दो या तीन वाक्यों में लिखिए ।  6 x 3 = 18**

5. ''मन करता है'' पाठ के अनुसार बच्चे क्या-क्या बनना पसंद करते हैं?
6. भारत देश की किसी एक प्रमुख नदी के बारे में लिखिए।
7. आसमान में उडनेवाले कुछ पक्षी के नाम लिखिए।
8. '14 सितंबर' की क्या विशेषता है ? अपने शब्दों में लिखिए।
9. 'पेड़ हमारे सच्चे दोस्त हैं।' समर्थन में दो-तीन वाक्य लिखिए।
10. ''आसमान गिरा'' पाठ के आधार पर खरगोश के बारे में लिखिए।

**III. किसी एक प्रश्न का उत्तर 6 या 8 पंक्तियों में लिखिए ।  6**

11. ''मन करता है'' कविता के अनुसार बच्चे क्या क्या करना चाहते हैं?
12. हमारा देश धरती का स्वर्ग है। कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

**IV. किसी एक प्रश्न का उत्तर 6 या 8 पंक्तियों में लिखिए ।  6**

13. 'पेड हमारे साथी हैं'। इसके बारे में आप क्या जानते हैं?
14. अपने स्कूल में मनाये गये हिंदी दिवस के बारे में वर्णन कीजिए।

**V. किसी एक का उत्तर लिखिए ।  5**

15. अस्वस्थता के कारण छुट्टी माँगते हुए अपने प्रधानाध्यापक के नाम छुट्टी पत्र लिखिए।
16. अपने भाई की शादी के अवसर पर तीन दिन की छुट्टी माँगते हुए कक्षाध्यापक के नाम पत्र लिखिए।

**VI. किसी एक का उत्तर लिखिए ।  5**

17. भारत की राजभाषा हिंदी की क्या विशेषताएँ हैं?
18. अपने परिवार के बारे में लिखिए।

Regd.No. [ ] **8-B** Marks: [ ]

# SUMMATIVE ASSESSMENT - I (2017 - 18)
## Second Language - HINDI
### PART - B

CLASS : VII (Max . Marks : 20)

Name of the student : .................................................................. Roll No : ...........

| शैक्षिक मापदंड | अर्थग्राह्यता - प्रतिक्रिया | अभिव्यक्ति सृजनात्मकता | भाषा की बात | कुल |
|---|---|---|---|---|
| कुल अंक | 20 | 40 | 20 | 80 |
| प्राप्तांक | | | | |
| श्रेणी | | | | |

*सूचना* :- 1) भाग 'B' के प्रश्नों के उत्तर, प्रश्न पत्र में ही लिखिए ।
2) भाग 'B' के लिए समय आधा (1/2) घंटा निर्धारित है ।

विशेष सूचनाएँ : 1. सभी प्रश्नों के लिए समान अंक निर्धारित हैं ।
2. प्रश्नों के उत्तर सामने दिये गये कोष्ठक में लिखिए ।
3. काटे हुए या बदले हुए उत्तरों को अंक नहीं दिये जाएँगे ।

निर्देश के अनुसार उत्तर दीजिए । 20 X 1 = 20

1. चाँद तारों पर <u>अकड</u> दिखाता है। (रेखांकित शब्द का अर्थ पहचानिए) [ ]

A) गुस्सा B) आराधना C) घमंड D) प्रेम

2. आप सब को हिंदी दिवस की हार्दिक <u>बधाई</u> हो।

(रेखांकित शब्द का अर्थ पहचानिए) [ ]

A) बडा होना B) शुभकामना C) बांधना D) पढाई

3. खरगोश <u>तेज</u> दौडने लगा। (रेखांकित शब्द का विलोम शब्द पहचानिए) [ ]

A) मौज B) ताजा C) मंद D) ताज

4. लास्या, लेख्या की <u>मित्रा</u> है। (रेखांकित शब्द का विलोम शब्द पहचानिए)[ ]

A) पत्र B) पुत्र C) छात्र D) शत्रु

5. "<u>करगोस</u>" डरपोक जानवर है। (सही वर्तनी वाला शब्द पहचानिए) [ ]

A) खरघोष B) करघोष C) खरगोश D) करगोश

6. हिंदी हमारी **"<u>राषटरबाषा</u>"** है। (सही वर्तनीवाला शब्द पहचानिए) [ ]

A) राष्ट्रर बाषा B) राष्ट्रभाषा C) रार्ष्टभाषा D) राष्ट्रबाषा

7. निम्न शब्दों में से बेमेल शब्द को पहचानिए। [ ]

A) अंग्रेजी B) तेलुगु C) मराठी D) हिंदू

8. निम्न लिखित शब्दों में से बेमेल शब्द को पहचानिए। [ ]

A) कोयल B) चिडिया C) कौआ D) शेर

9. '16' को अक्षरों में पहचानिए। [ ]

A) चौदह B) सोलह C) पंद्रह D) सत्रह

10. 'बारह' इसे अंकों में पहचानिए। [ ]

A) 50 B) 20 C) 12 D) 25

11. साहिती सातवीं कक्षा की <u>छात्रा</u> है।

(रेखांकित शब्द का पुल्लिंग शब्द पहचानिए) [ ]

A) छात्र B) छतरा C) छात्री D) छत्रों

12. <u>शेर</u> दहाडता है। (रेखांकित शब्द का स्त्रीलिंग शब्द पहचानिए) [ ]

A) शोर B) शेरी C) शायरी D) शेरनी

13. <u>लडका</u> गेंद खेलता है। (रेखांकित शब्द का बहुवचन रूप पहचानिए) [ ]

A) लडकों B) लडके C) लडकी D) लडको

14. भारत में कई पवित्र <u>नदियाँ</u> बह रही हैं।

(रेखांकित शब्द का एकवचन रूप पहचानिए) [ ]

A) नदिया B) नद C) नाद D) नदी

15. सरिता घर जा रही हैं। (व्याकरण की दृष्टि से रेखांकित शब्द क्या है?)[ ]

A) सर्वनाम B) क्रिया C) विशेषण D) संज्ञा

16. हिमालय के ऊँचे शिखर प्रसिद्ध हैं। (वाक्या में संज्ञा शब्द पहचानिए) [ ]

A) ऊँचे B) हिमालय C) प्रसिद्ध D) के

17. मैं राजा हूँ....राजा! (व्याकरण की दृष्टि से रेखांकित शब्द क्या है।) [ ]

A) संज्ञा B) सर्वनाम C) विशेषण D) क्रिया विशेषण

18. सारी भाषाओं में मेरी हिंदी प्यारी-प्यारी (सर्वनाम शब्द पहचानिए) [ ]

A) सारी B) भाषाओं C) मेरी D) प्यारी

19. सही क्रम वाला वाक्य पहचानिए। [ ]

A) प्यारा है भारत देश B) भारत देश है प्यारा

C) है देश भारत प्यारा D) भारत प्यारा देश है।

20. शुद्ध रूप वाला वाक्य पहचानिए [ ]

A) पेड़ हमारा सच्चे दोस्त हैं। B) पेड़ें हमारे सच्चे दोस्त हैं।

C) पेड़ हमारे सच्चा दोस्त है। D) पेड़ हमारे सच्चे दोस्त हैं।